सौगात

**घुघरी बनेगी आदर्श पंचायत, मुख्यमंत्री वृन्दावन योजना और लर्निंग सेंटर की मिली सौगात**

# गांव में ही मिलेगा युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण



**घुघरी, नवभारत।** ग्राम पंचायत घुघरी अब विकास के एक नए मॉडल के रूप में उभरने जा रही है। मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना अंतर्गत आयोजित एक विशेष चौपाल में ग्राम के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की घोषणा की गई, जो स्थानीय युवाओं के कौशल विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

जानकारी अनुसार इस चौपाल की सबसे बड़ी उपलब्धि पंचायत लर्निंग सेंटर का निर्णय रहा। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों और युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अब युवाओं को हुनर सीखने के लिए शहरों की ओर पलायन नहीं करना होगा। इस पहल से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

### नई पद्धति से होगा विकास

मुख्य कार्यपालन अधिकारी भावना भात्रवंशी ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि घुघरी को मुख्यमंत्री वृन्दावन योजना के तहत नई और आधुनिक पद्धति से विकसित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक उर्मिला मरावी ने योजनाओं के तकनीकी पहलुओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी साझा की। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि कृषि, शिक्षा और राजस्व विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### ग्रामीणों में उत्साह का माहौल

चौपाल में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने सरकार की इन योजनाओं के प्रति भारी उत्साह दिखाया। सरपंच यशोदा मरावी और ग्रामीणों का मानना है कि पंचायत लर्निंग सेंटर और वृन्दावन योजना के आने से घुघरी जिला मंडला की सबसे आत्मनिर्भर और विकसित पंचायतों में से एक बनेगी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

आयोजित कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की, जिनमें सीईओ घुघरी भावना भात्रवंशी, एलएस उईके विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अशोक भलावी कृषि विभाग अधिकारी, आशीष रंगारी पटवारी, यशोदा मरावी सरपंच ग्राम पंचायत घुघरी, शिवकुमार बैरागी सचिव समेत अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


## वेतन और आईडी कार्ड के लिए भटक रहे यूथ सर्वेयर

**घुघरी।** जिले की छह तहसीलों निवास, नारायणगंज, घुघरी, बिछिया एवं नैनपुर के स्थानीय युवा सर्वेयरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। सर्वेयरों का कहना है कि वे कृषि सर्वे, किसान रजिस्ट्री और गिरदावली जैसे शासन के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर भुगतान और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सर्वेयरों ने मंडला कलेक्टर को आवेदन देते हुए अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया।

जनसुनवाई में पहुंचे युवाओं ने बताया कि वर्तमान में वे कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जिसमें किसान कार्ड का भुगतान लंबे समय से लंबित है। खरीफ फसल गिरदावली का मानदेय अब तक नहीं मिला है और मासिक मानदेय की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। सर्वेयरों के पास आधिकारिक आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उन्हें फील्ड में कार्य करने में कठिनाई होती है। सर्वेयरों को कार्य के दौरान सुरक्षा किट और बीमा सुविधा भी प्रदान नहीं की जा रही है।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटी कार, पांच गंभीर घायल

**बिछिया।** मंगलवार को नेशनल हाईवे 30 पर बिछिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठोंड़ा गांव के पास एक सड़क हादसा हो गया। मंडला से छत्तीसगढ़ के भोरमदेव की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर कई बार पलट गया। इस हादसे में कार सवार 8 यात्रियों में से 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



जानकारी अनुसार कार में सवार सभी यात्री मंडला से भोरमदेव दर्शन के लिए निकले थे। जैसे ही उनकी कार ठोंड़ा गांव के समीप पहुंची, अचानक पहिए का टायर जोरदार आवाज के साथ फट गया। चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे जा पलटी। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कार के भीतर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और हाईवे हेल्पलाइन को सूचना दी। हादसे में घायल होने वाले सभी यात्री आपस में परिचित और रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। घायलों की पहचान कविता झारिया (40 वर्ष), निधि कुशराम (25 वर्ष), सीमा झारिया (40 वर्ष), सविता धुर्वे (45 वर्ष), सुमन धुर्वे इस हादसे में घायल हुई है। बिछिया थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया जिससे यातायात बाधित न हो। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गनीमत रही कि कार में सवार शेष 3 यात्रियों को मामूली खरोंचें ही आईं।



## नंदी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा और रामकथा की हुई पूर्णाहुति



**हवन, भंडारा और कन्या भोज में उमड़ा जनसैलाब**


**देवरी कला।** महाशिवरात्रि पर नारायणगंज ब्लाक के देवरी सहित समीपस्थ ग्रामों में आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। क्षेत्र के शिवालयों में जहाँ नंदी महाराज की स्थापना हुई, वहीं ग्राम जुझारी में चल रही रामकथा का समापन हुआ। इन धार्मिक अनुष्ठानों में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया। स्थानीय देवरी कला बबलिया स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। यहाँ ग्रामीण छोटे लाल चक्रवर्ती द्वारा नंदी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। पंडित गोवर्धनलाल पाण्डेय ने विधि-विधान के साथ प्रतिमा की स्थापना संपन्न कराई। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसके समापन पर हवन-पूजन और कन्या भोज के साथ महाप्रसाद का वितरण हुआ।

## निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ ग्राहक पंचायत मुखर, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**निर्धारित दुकानों से ड्रेस-किताबें खरीदने के दबाव और अवैध फीस वृद्धि पर रोक लगाने की मांग**

**अंजनिया।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकोशल प्रांत ने निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के साथ किए जा रहे आर्थिक शोषण के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर आगामी शैक्षणिक सत्र से पूर्व निजी विद्यालयों की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहां गया है कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित निजी विद्यालय अभिभावकों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूल रहे हैं। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा पुस्तकों, कॉपियों, यूनिफॉर्म और जूते-मोजे केवल निर्धारित दुकानों से ही खरीदने के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दबाव बनाया जाता है। ग्राहक पंचायत ने इसे उपभोक्ता अधिकारों का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा कि स्कूलों की यह प्रवृत्ति शिक्षा को सेवा के स्थान पर विशुद्ध व्यवसाय बना रही है।



### अभिभावकों पर बढ़ता आर्थिक और मानसिक बोझ

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि वर्तमान समय विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि वार्षिक परीक्षाएं समाप्त होने के बाद नए सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ट्यूशन फीस और वार्षिक शुल्क में अनुचित वृद्धि की जाती है। स्कूल विशेष प्रकाशक या दुकान का नाम अनिवार्य कर देते हैं, जिससे बाजार में मुक्त प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाती है और अभिभावकों को अधिक मूल्य चुकाना पड़ता है। बच्चों के भविष्य के डर से अधिकांश अभिभावक विरोध नहीं कर पाते, जिससे उनके मानसिक तनाव और पारिवारिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

### संगठन की ये हैं प्रमुख मांगें

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने सरकार से मांग की है कि नए सत्र से पहले सभी जिलों में निर्देश जारी हों कि कोई भी स्कूल किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। स्कूल केवल पुस्तकों की सूची दें, किसी प्रकाशक या विक्रेता का नाम अनिवार्य न करें।

जिला स्तर पर प्रभावी निगरानी समिति सक्रिय की जाए जो फीस वृद्धि की जांच करे। प्रत्येक जिले में कलेक्टर के अधीन एक स्वतंत्र शिकायत तंत्र स्थापित हो। नियमों के उल्लंघन पर स्कूलों की मान्यता निलंबन या निरस्तीकरण जैसी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया है कि यदि प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाता है, तो प्रदेश के लाखों अभिभावकों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## बैगा बाहुल्य क्षेत्र में आस्था की मिसाल, 17 वर्षों से अनवरत जारी है भक्ति की परंपरा

**सात दिवसीय अखंड रामधुन का महाप्रसाद के साथ समापन**





**नारायणगंज।** आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम ग्राम पंचायत डोभी के पोषक ग्राम साल्हेपानी में देखने को मिला, जहाँ सार्वजनिक हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय अखंड रामधुन का हवन, कन्या भोज और विशाल भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।

बताया गया कि नारायणगंज ब्लाक का ग्राम साल्हेपानी एक बैगा बाहुल्य क्षेत्र है, जहाँ आधुनिकता के दौर में भी सनातन संस्कृति की जड़ें काफी गहरी हैं। मंदिर के पुजारी प्रेमाबाबा और पूर्व सरपंच व वर्तमान जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया के नेतृत्व में यह परंपरा पिछले 17 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जहाँ कई क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन कम हो रहे हैं, वहीं साल्हेपानी के ग्रामीण आपसी सहयोग से हर वर्ष इस भव्य आयोजन को सफल बनाते हैं।

सात दिनों तक चले इस अखंड कीर्तन में गांव के बुजुर्गों से लेकर नन्हे-मुन्ने बच्चों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोलक, हारमोनियम, झांझ-मजीरे और मृदंग की थाप पर ग्रामीण सीताराम-सीताराम की धुन में झूमते नजर आए। आस्था का आलम यह था कि ग्रामीण दिन-रात खड़े होकर नृत्य करते हुए भगवान की भक्ति में भाव-विभोर रहे। नारायणगंज विकासखंड और निवास तहसील में स्थित ग्राम साल्हेपानी संभवत: इकलौता ऐसा गांव है, जहां इतने लंबे समय से सात दिवसीय अखंड आयोजन की निरंतरता बनी हुई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी प्रेमाबाबा, जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया सहित समस्त ग्रामवासियों और धर्मप्रेमियों का विशेष योगदान रहा। रामधुन के समापन की पूर्णाहुति में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हवन में आहुतियां दीं और कन्या पूजन के बाद महाप्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र भर में इस आयोजन की सराहना की जा रही है।

## न्यायालयीन कार्य से विरत् रहकर वकीलों ने मनाया प्रतिवाद दिवस

**एडवोकेट प्रोटेक्शन सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को पूरे प्रदेश के वकीलों ने प्रतिवाद दिवस मनाकर प्रदेश सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की माँग की है। वकीलों ने कहा है कि यदि सरकार 7 दिनों के भीतर एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट नहीं लाती तो भोपाल जाकर मुख्यमंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर सोमवार को मनाये गए प्रतिवाद दिवस के दौरान अदालत परिसरों में सन्नाटा दिखाई दिया। अदालतों में सिर्फ उन मामलों पर सुनवाई हुई जिसमे पक्षकार हाजिर हुए। हालाँकि अधिकाँश मामलों की सुनवाई बढ़ा दी गईं। इधर जबलपुर में वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन भी सौंपा।

**कई साल से छले जा रहे वकील**-मप्र स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ताए वाईस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, मप्र हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष डीके जैन, जिला बार के अध्यक्ष मनीष मिश्रा और हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष संजय अग्रवाल का कहना है कि प्रोटेक्शन एक्ट के नाम पर वकीलों को पिछले कई सालों से छला जा रहा है। भोपाल में अधिवक्ताओं की महापंचायत का आयोजन कर एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की बात कही गई और फिर कैबिनेट ने उसकी मंजूरी तो दी, लेकिन अधिसूचना अब तक जारी नहीं की गई।

## यात्रियों व आमजनों को मिलेगा विश्वस्तरीय सुविधा का अनुभव



जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेल मंडल में जनता के उपयोग हेतु प्राइवेट पार्टी द्वारा विकसित किए गए पहले पब्लिक मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। यह पहल न केवल मंडल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि देशभर के अन्य रेलवे डिवीजनों के लिए एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में भी कार्य करेगी। सोमवार 16 फरवरी को जबलपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स का गुणवत्ता मुआयना एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध सुविधाओं, संरचना, यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, सेवाओं की कार्यप्रणाली एवं समग्र प्रबंधन व्यवस्था का विस्तार से अवलोकन किया गया तथा इसे निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया। जिससे अब यह यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगा। यह मल्टीफंक्शनल सेंटर यात्रियों एवं आम जनता की सुविधा, आराम और गुणवत्ता सेवा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जहाँ एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

**एमएफसी में उपलब्ध सुविधाएँ**

- प्रीमियम लॉन्ज सुविधाएँ
- सुपर लक्सरी रूम
- मिनी रूम
- डॉरमेटरी आवास
- स्नान एवं फ्रेश-अप सुविधाएँ
- डोमिनोज़, कैफे कॉफी डे जैसे ब्रांडेड आउटलेट्स के साथ फूड कोर्ट
- बैंक एटीएम सेवाएँ
- सामान एवं क्लॉक रूम सुविधाएँ
- रेस्टोरेंट सेवाएँ

## मृतिका की पहचान नहीं, कातिल का सुराग नहीं

**सिमरिया में हुई युवती की हत्या की गुत्थी उलझी**

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी स्थित सिमरिया में रविवार को एक स्कूल के पीछे युवती की हत्या किए जाने मामला उलझ गया है। अब तक न तो मृतिका की पहचान हो पाई है और न ही कातिल का पता चल सका है। पुलिस ने थानों में दर्ज गुमशुदर्गी रिकॉर्ड भी खंगाला लेकिन अब तक पुलिस मृतका की शिनाख्त नहीं कर पाई है ।

विदित हो कि एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पीछे ग्राम सिमरिया में रविवार को एक युवती का शव पड़ा मिला था । मामले की सूचना ग्राम कोटवार खेमलाल चड़ार 60 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया ने पुलिस को दी थी। मृतिका के सिर, गर्दन में चोट के निशान थे। संभवत: पत्थर से हमला कर उसकी हत्या की गई है।



इसके साथ ही दुष्कर्म की भी आशंका जाहिर की गई है। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए थे। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था।

### हाथ में ईशू-तनू लिखा

मृतिका के हाथों में महंदी लगी है। जिसमें ईशू-तनू लिखा हुआ है।इस नाम से कोई लड़की की गुमशुदगी थाने में दर्ज तोनहीं है इसको लेकर पुलिस ने थानों में दर्ज गुमशुदगी-अपहरण के रिकॉर्ड भी खंगाले लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई ।

### थानों को शेयर की फोटो, डिटेल

मृतिका की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के थानों को भी मृतिका की फोटो और जानकारी शेयर की है। पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी ने बताया कि मृतिका की पहचान के प्रयास जारी है। शिनाख्त होने के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा।

**करीबी हो सकता है आरोपी**

पुलिस सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने हर एंगल पर तफ्तीश कर रही है । संदेहियों से भी पूछता छ की जा रही है। इसके अलावा आसपास के गांव में भी पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की लेकिन अब तक ऐसा कोई सुराग नहीं लग सका है जिसके सहारे पुलिस आरोपी तक पहुंच सके। आरोपी मृतिका का करीबी हो सकता है।